an>

Title: Need to connect all the Ports of Gujarat with National Highways.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं अहमदाबाद क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। मैं आपका ध्यान गुजरात के स्टेट हाईवे के बारे में सदन के माध्यम से आकर्षित करना चाहता हूँ। **गुजरात में 1600 किलोमीटर लम्बा समुद्री तट है, जो पूरे देश के समुद्री तट का 25 प्रतिशत है। गुजरात में कांडला, मुंद्रा, पीपावाव, दाहेज आदि बंदरगाहों के अलावा 40 बंदरगाह हैं। वहां समुद्री तट पर स्टेट हाईवे बना हुआ है। अभी-अभी गुजरात में वायब्रेंट सम्मिट हुआ था। इस वजह से बहुत भारी मात्रा में गुजरात के अंदर पूंजी का निवेश भी हुआ है और इस कारण गुजरात में यातायात में वृद्धि हुई है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि गुजरात के सभी स्टेट हाईवेज और गुजरात के कोस्टल हाईवेज को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने की अनुमति दी जाए।**

HON. SPEAKER: What do you want to say?